7

| All communication should be addressed to the Secretary to the Government of India, Ministry of MSME, by title, Not by name. |
|---|

सं. ई-11011/1/2013-हिंदी
भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय,
उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF
MICRO SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES
UDYOG BHAWAN, NEW DELHI-110011
दिनांकः 03.09.2013

## कार्यालय ज्ञापन

विषयः हिन्दी दिवस 2013 के अवसर पर मंत्रालय में विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन।

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय प्रति वर्ष हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी सप्ताह/पखवाड़ा/माह मनाते आ रहे हैं। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंत्रालय में 13 सितम्बर से 12 अक्टूबर, 2013 तक हिन्दी माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित ब्यौरों के अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया हैः-

(1) हिन्दी निबंध प्रतियोगिता

हिन्दी निबंध प्रतियोगिता मंत्रालय में कार्यरत हिन्दी भाषी तथा अन्य भाषा-भाषी वर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए होगी। दोनों वर्गों के प्रतिभागियों के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा दो प्रोत्साहन पुरस्कार अलग-अलग रखे जाएंगे।

(2) हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (कम्प्यूटर/टाइपराइटर द्वारा)

हिन्दी टाइप प्रतियोगिता 10 मिनट की होगी। इसमें हिन्दी टंकण जानने वाले मंत्रालय में कार्यरत सभी अवर श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिक ही भाग ले सकेंगे। हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

(3) हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता

हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता मंत्रालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए होगी। इसके लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

जारी....

### (4) हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को भाषण देने के लिए 5 मिनट का समय दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

### (5) सामान्य हिन्दी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता में सामान्य हिन्दी के ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

### (6) हिंदी अंत्याक्षरी

हिंदी अंत्याक्षरी प्रतियोगिता मंत्रालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत भाग लेने वाले व्यक्तियों को हिन्दी में गीत आदि सुनाने होंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### (7) कविता पाठ

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत भाग लेने वाले प्रतिभागियों द्वारा हिन्दी कविता पाठ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

### (8) हिंदी प्रश्नोत्तरी

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत भाग लेने वाले प्रतिभागियों से हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे और सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### (9) अनुभागों में हिन्दी कार्य

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत मंत्रालय के विभिन्न अनुभागों में दिनांक 13.09.2013 से 12.10.2013 तक की समयावधि के दौरान हिन्दी में सर्वाधिक काम करने वाले अनुभागों के लिए क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

जारी....

2. उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में सहायक निदेशक (राजभाषा) तथा वरिष्ठ अनुवादक एवं कनिष्ठ हिन्दी अनुवादकों को छोड़कर मंत्रालय में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकेंगे। इसी प्रकार हिन्दी में काम करने से संबंधित प्रतियोगिता में हिन्दी अनुभाग को छोड़कर मंत्रालय के सभी अनुभाग भाग ले सकेंगे। उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में से किसी भी प्रतियोगिता में अपेक्षित संख्या में प्रतियोगियों से प्रविष्टियां प्राप्त न होने की स्थिति में प्रतियोगिता रद्द की जा सकती है।

3. इसके अतिरिक्त, हिन्दी में काम करने से संबंधित प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक अनुभाग अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने अनुभाग की प्रतियोगिता में भाग लेने की लिखित सहमति दिनांक 12.09.2013 तक हिन्दी अनुभाग को अवश्य भेज दें। ऐसे अनुभागों द्वारा दिनांक 13.09.2013 से 12.10.2013 तक की अवधि में हिन्दी में लिखे जाने वाले सभी पत्रों तथा फाइलों पर की जाने वाली नोटिंग की एक-एक प्रति दिनांकवार और संबंधित अनुभाग अधिकारी से अधिप्रमाणित करा कर तथा एक फोल्डर में रख कर दिनांक 13.10.2013 तक हिन्दी अनुभाग को मूल्यांकन के लिए भेज दी जाए।

4. अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए **<u>अनुबंध-1</u>** में अलग-अलग ब्यौरे भरकर हिंदी अनुभाग, कमरा संख्या-433 में दिनांक 12.09.2013 तक अवश्य भिजवा दें।

5. हिन्दी में शत प्रतिशत कार्य करने के लिए विनिर्दिष्ट अनुभागों से अनुरोध है कि वे इन प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लें।

प्रतियोगिता की तारीख और समय के बारे में जानकारी **अनुबंध-2** में दी गई है।

3/9/2013
(श्रवण कुमार)
संयुक्त निदेशक, (रा.भा.)

सेवा में

1. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सभी अधिकारी/अनुभाग आदि।
2. नोटिस बोर्ड।
3. गार्ड फाईल।

अनुबंध - 2

भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
(हिन्दी अनुभाग)

हिन्दी माह का आयोजन (वर्ष-2013)

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | तारीख | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी निबंध | 17.09.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |
| 2 | हिंदी टंकण | 20.09.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |
| 3 | हिंदी टिप्पण एवं आलेखन | 24.09.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |
| 4 | हिंदी भाषण | 26.09.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |
| 5 | सामान्य हिंदी | 01.10.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |
| 6 | हिंदी अंत्याक्षरी | 04.10.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |
| 7 | कविता पाठ | 07.10.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |
| 8 | हिंदी प्रश्नोत्तरी | 09.10.2013 | प्रतिभागियों की संख्यानुसार |
| 9 | अनुभागों में हिंदी कार्य | 11.10.2013 | प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन |

2. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं सम्मेलन कक्ष - 152, उद्योग भवन, नई दिल्ली में अपराह्न 2.30 बजे से सांय 5.00 बजे तक सुविधानुसार आयोजित की जाएगी।

3. उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे प्रतियोगिता स्थल पर 10 मिनट पहले पहुंच जाएं। प्रोटोकाल अधिकारी (औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग/सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय) कृपया उपर्युक्त तारीखों में उक्त प्रतियोगिताएं आयोजित करने हेतु सम्मेलन कक्ष - 152 बुक कर दें और इसकी पुष्टि भी भेज दें।

3/9/2013
(श्रवण कुमार)
संयुक्त निदेशक (रा.भा.)

1. प्रोटोकाल अधिकारी,
   औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग,
   उद्योग भवन, नई दिल्ली

2. प्रोटोकाल अधिकारी,
   सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
   उद्योग भवन, नई दिल्ली

अनुबंध-1

प्रपत्र

भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

विषयः हिन्दी टंकण/हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन/हिन्दी निबंध/हिन्दी भाषण/सामान्य हिन्दी/अंत्याक्षरी/कविता पाठ/हिंदी प्रश्नोत्तरी और अनुभागों में हिन्दी कार्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।

मैं..............................................हिन्दी भाषी/अहिन्दी भाषा-भाषी वर्ग. ..........................................प्रतियोगिता, 2013 में भाग लेने का इच्छुक हूँ। कृपया मुझे उक्त प्रतियोगिता में शामिल कर लिया जाए।

नाम ........................................
पदनाम ........................................
अनुभाग ........................................
मातृभाषा ........................................
टेलीफोन नं. ........................................
कमरा संख्या ........................................

..........................
प्रतियोगी के हस्ताक्षर

सहायक निदेशक (रा.भा.)
हिन्दी अनुभाग,
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय,
कमरा संख्या-433,
उद्योग भवन, नई दिल्ली